हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 अगस्त 2026

06 रफी साहब के गीतों को स्वर देकर दी भावभीनी...



07 विधायक ने ग्रामों में वितरित की निशुल्क ...



खबर संक्षेप

5-5 अकादमिक समन्वयक भर्ती काउंसलिंग 5 को

सीहोर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश के विकासखंड शिक्षा केंद्रों में खाली पड़े विकासखंड अकादमिक समन्वयक और जनशिक्षक के पद भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने 24 जून को सभी जिला कलेक्टरों के नाम पत्र जारी किया। समय-सीमा में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। सीहोर जिले के 5 विकासखंड स्त्रोत केंद्रों में 5-5 अकादमिक समन्वयक के पद भरे जाएंगे। प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य शिक्षा केंद्र की समय-सारणी के अनुसार 25 जुलाई तक वरिष्ठता सूची तैयार होना थी। जिला स्तरीय काउंसलिंग 5 अगस्त को होगी। इसके बाद अंतिम चयन सूची 13 अगस्त तक जारी होगी। कलेक्टर के अनुमोदन के बाद 20 अगस्त तक पदस्थापना आदेश जारी किए जाएंगे। राज्य शिक्षा केंद्र के पत्र के अनुसार सत्र 2026-27 के लिए हर विकासखंड स्त्रोत केंद्र कार्यालय में 5 अकादमिक समन्वयक के पद भरे जाएंगे। इनमें 2 विज्ञान संकाय, 1 सामाजिक विज्ञान, 2 भाषा संकाय के पद रहेंगे। 1 पद अंग्रेजी विषय के लिए अनिवार्य रखा गया है। जनशिक्षा केंद्र स्तर पर प्रति 10 विद्यालयों पर 1 के मान से जनशिक्षक के पदों की पूर्ति भी की जाएगी। पत्र में पात्रता भी तय की गई है। आवेदक उच्च श्रेणी शिक्षक या माध्यमिक शिक्षक होना चाहिए। 1 जनवरी 2026 की स्थिति में उम्र 52 वर्ष से अधिक नहीं हो। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने पत्र में कहा है कि जनशिक्षक के पदों पर प्राथमिकता से ऐसे शिक्षकों की पदस्थापना हो, जिनका कार्यक्षेत्र भ्रमण वाला है।

नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



सीहोर। भारत सरकार के नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत – नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीहोर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके साथ ही सभी छात्रों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक, एनएसएस के स्वयंसेवक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

हत्या, लूट, चोरी से लेकर महिला सुरक्षा और त्योहारों की तैयारियों तक हर मोर्चे पर पुलिस को मिली सख्त जिम्मेदारी

सीहोर। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के सभी एसडीओपी, सीएसपी और थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में गंभीर अपराधों, महिला सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं, डिजिटल पुलिसिंग, वारंटियों की गिरफ्तारी और आगामी त्योहारों की सुरक्षा तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने कहा कि आमजन का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है और हर शिकायत का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



हत्या, लूट और चोरी जैसे गंभीर अपराधों की गहन समीक्षा

बैठक में वर्ष 2024, 2025 और 2026 के दौरान जिले में दर्ज हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, गृहभेदन और चोरी जैसे गंभीर अपराधों की थाना स्तर पर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि गंभीर अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गई संपत्ति की बरामदगी का प्रतिशत बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई से ही कानून का भय कायम रहेगा।

महिला और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

बैठक में महिला एवं अनुसूचित जाति-जनजाति के विरुद्ध दर्ज मामलों की भी गंभीरता से समीक्षा की गई। पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म से जुड़े प्रकरणों में 60 दिन की निर्धारित समय-सीमा के भीतर विवेचना पूरी कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आईटीएसएसओ पोर्टल पर लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

असामाजिक तत्वों पर होगी लगातार कार्रवाई : जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिला बदर, एनएसए, आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट, सट्टा, जुआ और एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। एसपी ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार और प्रभावी कार्रवाई जारी रखी जाए ताकि जिले में अपराध का वातावरण समाप्त हो सके।

डिजिटल पुलिसिंग को और मजबूत बनाने पर जोर : बैठक में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष बल दिया गया।

सीसीटीएनएस पोर्टल पर चार्जशीट अपलोडिंग, ई-रक्षक एप के माध्यम से समंस और वारंट की तामीली, ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, एनडीएसओ, निदान, आईसीजेएस और एनएएफआईएस जैसे राष्ट्रीय पोर्टलों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही ई-एफआईआर, ई-जीरो एफआईआर और जीरो एफआईआर से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

जनशिकायतों के निराकरण में नहीं चलेगी लापरवाही : पुलिस अधीक्षक ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, लंबित मर्ग, चालान और विभागीय जांचों की समीक्षा करते हुए कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

रात्रि गश्त बढ़ेगी, फरार वारंटियों की होगी धरपकड़ : बैठक में सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। लंबे समय से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान तेज करने और अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने के लिए विशेष रणनीति अपनाने को कहा गया। उद्देश्य स्पष्ट था कि अपराधियों को किसी भी स्थिति में कानून से बचने का अवसर न मिले।

त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

आगामी त्योहारों के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, शांति समिति की बैठकें, सीसीटीवी एवं ड्रोन निगरानी, सोशल मीडिया और अफवाहों की मॉनिटरिंग, यातायात डायवर्जन, फ्लैग मार्च तथा मॉक ड्रिल जैसे सुरक्षा उपायों को समय पर लागू करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

सभी वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

अपराध समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, जिले के सभी एसडीओपी एवं सीएसपी, रक्षित निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह तथा तकनीक आधारित बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मंथन किया गया।

सोशल मीडिया पर समर्थकों की पोस्ट्स से गर्माया सियासी पारा: 30 जुलाई को प्रिंस और शशांक की भी दिखी जुगलबंदी


सोशल मीडिया पर छिड़ी विधायकी की जंग, प्रिंस और राजीव के समर्थकों ने बताया भावी विधायक !

समर्थकों की इस दावेदारी के बीच मौजूदा राजनीतिक स्थिति की बात करें तो सीहोर विधानसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के सुदेश राय का दबदबा कायम है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर







आगामी विधानसभा चुनाव में भले ही अभी ढाई साल का समय बाकी हो, लेकिन सीहोर की राजनीति में भावी उम्मीदवारों के लिए चुनावी स्क्रिप्ट लिखी जाने लगी है। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई कुछ तस्वीरों और पोस्ट्स ने शहर का सियासी पारा अचानक चढ़ा दिया है। भाजपा नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के समर्थकों द्वारा उन्हें अगला विधायक बताए जाने के बाद से राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

बता दें 30 जुलाई को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों ने उन्हें मध्य प्रदेश विधानसभा के चित्र वाला एक विशेष फोटो भेंट किया। इस पर लिखा था 'तुम मुझको कब तक रोकोगे, मिशन 159 विधानसभा 2033। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के समर्थकों ने भी पीछे न रहते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें 'अगला विधायक राजीव भैया' के रूप में प्रोजेक्ट किया गया है। वर्तमान में दोनों ही नेताओं के समर्थकों की ये पोस्ट्स सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं।

राठौर और सक्सेना की जुगलबंदी के चर्चे

इधर 30 जुलाई का दिन सीहोर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति के लिहाज से काफी दिलचस्प रहा। इस दिन भाजपा के प्रिंस विकास राठौर और 2023 में कांग्रेस प्रत्याशी रहे शशांक सक्सेना दोनों का ही जन्मदिन था। खास बात यह रही कि दोनों नेताओं के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर प्रिंस राठौर और शशांक सक्सेना की साथ में तस्वीर शेयर कर शुभकामनाएं दीं।

संयुक्त स्वागत समारोह : एक अगस्त को शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में एक विशेष आयोजन रखा गया, जहां प्रिंस विकास राठौर और शशांक सक्सेना दोनों का एक साथ जन्मदिन मनाया गया और संयुक्त स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अनूठी जुगलबंदी ने शहर के सियासी बाजार में कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

हैट्रिक बना चुके विधायक सुदेश राय

समर्थकों की इस दावेदारी के बीच मौजूदा राजनीतिक स्थिति की बात करें तो सीहोर विधानसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के सुदेश राय का दबदबा कायम है। सुदेश राय सीहोर से लगातार तीसरी बार के विधायक हैं। उन्होंने 2013 का चुनाव निर्दलीय जीतकर राजनीतिक गलियारों को चौंकाया था, जिसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद उन्होंने 2018 और फिर 2023 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर शानदार जीत दर्ज की। 2023 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना को 37 हजार से अधिक भारी मतों के अंतर से पराजित किया था।

शहर-गांव के संतुलन से तय होती है जीत

बता दें सीहोर विधानसभा क्षेत्र का ढांचा बेहद दिलचस्प है। इस क्षेत्र की लगभग आधी आबादी सीहोर शहर में निवास करती है तो आधी आबादी ग्रामीण अंचलों में बसी है। ऐसे में सीहोर की गद्दी तक पहुँचने के लिए नेताओं को शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में मजबूत पैठ बनानी पड़ती है। साथ ही चुनाव में नेताओं के समर्थकों का व्यवहार भी जीत-हार में बड़ी भूमिका निभाता है।

1957 से अब तक की स्थिति

सीहोर विधानसभा क्षेत्र की 1957 से अब तक का राजनीतिक इतिहास की बात करें तो जहां जनता ने कांग्रेस, भाजपा, जनता पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवारों को मौका दिया है। सबसे पहले विधायक 1957 उमराव सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से बने, इसके बाद 1962 में इनायतुल्ला खान, 1967 में भारतीय जनसंघ से आर. मेवाड़ा, 1972 में कांग्रेस से अजीज कुरैशी, 1977 में जनता पार्टी से सविता बाजपेयी, 1980 में बीजेपी से सुंदर लाल पटवा, 1985 में कांग्रेस से शंकर लाल साबू, 1990 में बीजेपी से मदन लाल त्यागी, 1993 में निर्दलीय रमेश सक्सेना, 1998 में भाजपा से रमेश सक्सेना, 2003 में रमेश सक्सेना, 2008 में रमेश सक्सेना, 2013 में निर्दलीय सुदेश राय, 2018 में बीजेपी से सुदेश राय और 2023 के चुनाव में भी सुदेश राय बीजेपी से विधायक हैं।

कृषि उप संचालक बोले : समिति की जांच के बाद नियमों के तहत हुई कार्रवाई

कृषि विभाग परिसर में सरकारी रिकॉर्ड जलाए गए, अधिकारियों ने दी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कृषि विभाग कार्यालय परिसर में पुराने शासकीय दस्तावेज जलाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो सामने आने के बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे और लोगों ने यह जानने की मांग की कि आखिर कौन से दस्तावेज नष्ट किए जा रहे हैं। हालांकि, कृषि विभाग ने पूरे मामले पर सफाई देते हुए कहा है कि रिकॉर्ड का विनष्टीकरण शासन के निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के तहत किया गया है।

वायरल वीडियो में कृषि विभाग कार्यालय परिसर के खुले स्थान पर बड़ी संख्या में दस्तावेज जलते हुए दिखाई दे रहे हैं। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। कई लोगों ने आशंका जताई कि कहीं महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड तो नष्ट नहीं किए जा रहे।

प्रशासन की भूमिका पर भी उठे सवाल

वीडियो वायरल होने के बाद यह सवाल भी उठने लगे कि क्या इस कार्रवाई की जानकारी जिला प्रशासन और कलेक्टर को पहले से थी या यह पूरी प्रक्रिया केवल विभागीय स्तर पर ही संपन्न की गई। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

कृषि विभाग ने दी सफाई : उप संचालक कृषि ए.के. उपाध्याय ने बताया कि पुराने सरकारी रिकॉर्ड को हमेशा सुरक्षित रखने का कोई प्रावधान नहीं है। शासन ने अलग-अलग प्रकार के दस्तावेजों के लिए पांच वर्ष, 15 वर्ष, 50 वर्ष या अन्य निर्धारित अवधि तक संरक्षण का नियम बनाया है। अवधि पूरी होने के बाद अनुपयोगी रिकॉर्ड को नियमानुसार नष्ट किया जाता है।

समिति की जांच के बाद होता है विनष्टीकरण

विभाग के अनुसार, रिकॉर्ड नष्ट करने से पहले एक विधिवत समिति गठित की जाती है। समिति प्रत्येक फाइल और बस्ते की जांच करती है तथा यह सुनिश्चित करती है कि केवल वही दस्तावेज नष्ट किए जाएं जिनकी संरक्षण अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके बाद शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार रिकॉर्ड का विनष्टीकरण किया जाता है।

फिलहाल विभाग का कहना है कि वायरल वीडियो में दिखाई गई कार्रवाई पूरी तरह नियमों के अनुरूप की गई है। वहीं, वीडियो सामने आने के बाद इस प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर चर्चाएं लगातार जारी हैं।

मौत के लो-लेवल पुल: न रेलिंग, न संकेतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर और आसपास के इलाकों में थोड़ी सी बारिश होते ही कम ऊंचाई (लो-लेवल) वाले पुल-पुलिया आम जनता के लिए काल बन जाते हैं। कुलांस और सीवन नदी के उफान पर आते ही इन पुलों पर सफर थम जाता है। करबला पुल पर सीवन नदी में 15 अगस्त 2022 में पुल पर 3 से 4 फीट पानी बह रहा था।

रेलिंग न होने से रास्ता नहीं दिखा और कार सवार तहसीलदार और पटवारी नदी में बह गए। दोनों की मौत हो गई। 22 अगस्त को भोपाल का चालक 3-4 फीट उफनते पानी में ऑटो के साथ बह गया। 7 दिन बाद उसका शव मिला।

जमीन पर खतरे के दो बड़े पॉइंट करबला पुल (सीवन नदी): भोपाल रोड स्थित करबला पुल की ऊंचाई बेहद कम है और दोनों ओर कोई सुरक्षा रेलिंग नहीं है। हल्की बारिश में भी सीवन नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगता है। किनारे न दिखने के कारण चालक अंदाजा नहीं लगा पाते । **कुलांस कलां पुल:** बिलकिसगंज से 18 किमी दूर स्थित यह पुल लंबे समय से अनदेखी का शिकार है। नदी के उफान पर आते ही पुल पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। रेलिंग न होने से किनारे का फर्क खत्म हो जाता है।

डीजे व उच्च ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध


सीहोर। आगामी धार्मिक, सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से एसडीएम तन्मय वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। सीहोर अनुविभाग की राजस्व सीमा में आयोजित होने वाले सभी जुलूसों, शोभायात्राओं, चल समारोहों एवं सार्वजनिक आयोजनों में डीजे तथा उच्च तीव्रता वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। न्यायालय परिसर, शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों, विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के 200 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर एवं अन्य उच्च ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों के उपयोग पर भी रोक रहेगी। जारी आदेश का उद्देश्य आमजन की सुविधा, विद्यार्थियों की पढ़ाई, मरीजों के उपचार तथा सार्वजनिक शांति बनाए रखना है।

खबर संक्षेप

आज आयोजित होंगी जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

सीहोर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में संचालित नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत माय भारत सीहोर द्वारा 3 अगस्त को सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिताओं में संगीत, नृत्य, नाटक, नुक्कड़ नाटक, मूक अभिनय, शॉर्ट फिल्म, रील, चित्रकला, वाद-विवाद, नारा लेखन तथा स्लैम पोएट्री सहित आठ विधाओं में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे तथा प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेगा। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागियों को प्रातः 10 बजे तक पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद कुंवर चैन सिंह सभागार, भोपाल नाका, सीहोर में उपस्थित होना होगा।

जिले में 2 अगस्त तक औसत 506.1 मिमी बारिश दर्ज



सीहोर। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 2 अगस्त 2026 को जिले में औसतन 1.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 7.4 मिमी वर्षा रेहटी तहसील में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा भैरूंदा एवं बुधनी में 4.0-4.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सीहोर, श्यामपुर, आष्टा, जावर एवं इछावर तहसीलों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 1 जून 2026 से 02 अगस्त 2026 तक जिले में औसतन 506.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 646.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार आष्टा में सर्वाधिक 577.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा रेहटी में 549.0 मिमी, बुधनी में 531.0 मिमी, इछावर एवं भैरूंदा में 527.0-527.0 मिमी, जावर में 495.0 मिमी, सीहोर में 478.6 मिमी तथा श्यामपुर में 365.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

एनजीटी की रोक के बाद भी नर्मदा नदी में हो रहा अवैध रेत का उत्खनन

खनिज विभाग की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप, 3 ट्रैक्टर व लोडर किए जब्त

नर्मदा नदी क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद यदि कोई अवैध उत्खनन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा आगे भी इसी तरह लगातार अभियान जारी रखा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नर्मदा नदी में प्रतिबंध के बावजूद जारी अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। सीहोर जिला कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को तहसील भैरूंदा के बड़गांव क्षेत्र में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत के कार्य में लिप्त तीन ट्रैक्टर-लोडर वाहन जब्त किए। जब्त वाहनों को थाना भैरूंदा परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार 26 जून से 1 अक्टूबर तक एनजीटी द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। नर्मदा नदी से रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है, इसके बावजूद क्षेत्र में नाव, पनडुब्बी मशीनों और पोकलेन,जेसीबी मशीन से लगातार रेत निकाले जाने की शिकायतें मिल रही थीं। जिला प्रशासन को मिल रही इन शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने सख्ती बढ़ाते हुए अभियान तेज कर दिया है। खनिज विभाग की टीम को बड़गांव क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे खुद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-लोडर जब्त किए। इससे पहले भी विभाग द्वारा टीगाली रेत खदान क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए तीन नाव-पनडुब्बी मशीनें जब्त की जा चुकी हैं।

इसके अलावा पिछले दिनों पांच जेसीबी, एक पोकलेन मशीन और कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर भी कार्रवाई की गई है। खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे ने बताया कि जिला कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रतिबंध अवधि में किसी भी स्थिति में अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर टीम द्वारा क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई है और मौके पर पहुंचकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नर्मदा नदी क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद यदि कोई अवैध उत्खनन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा आगे भी इसी तरह लगातार अभियान जारी रखा जाएगा।

लगातार हो रही कार्रवाई से जहां अवैध खनन माफियाओं में डर का माहौल बना है, वहीं प्रशासन ने संकेत दे दिए हैं कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्ती जारी रहेगी।

रफी साहब के गीतों को स्वर देकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



सीहोर। सरगम के साथी क्लब के तत्वावधान में स्वर सम्राट मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर निजी होटल इंदौर नाका के सभागृह में आयोजित संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रफी साहब के अमर गीतों की स्वर लहरियों ने देर रात तक संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किए रखा।

कार्यक्रम में सीहोर, भोपाल एवं आष्टा के गायक-गायिकाओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से रफी साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में ' एक हसीन शाम को दिल मेरा हो गयाः मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया, तुम जो मिल गए हो, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर, ओ मेरे सोना रे सोना चौदहवीं का चाँद हो, आज मौसम बड़ा बेईमान है, बदन पे सितारे लपेटे हुए, आजा तुझको पुकारे मेरा प्यार, बहारों फूल बरसाओ, परदेसियों से न अंखियाँ मिलाना, मैं यट पगला यमला दीवाना ' ये दुनिया ये महफ़िल, अच्छा जी मैं हारी, जनम-जनम का साथ है, नफ़रत की दुनिया को छोड़कर, मैं कहीं कवि न बन जाऊँ, दिल का सूना साज़ तराना ढूँढेगाः सहित अनेक सदाबहार गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्रत्येक प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक राजेश काशिव,सीमा जोशी द्वारा स्वर सम्राट मोहम्मद रफी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

वक्ता शैलेश तिवारी ने कहा कि रफी साहब की मधुर आवाज़ आज भी करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित है। कार्यक्रम का आकर्षक और सफल संचालन प्रदीप नागिया ने किया।कार्यक्रम में सरगम के साथी क्लब द्वारा सभी आमंत्रित कलाकारों का बैच लगाकर सम्मान किया गया। संगीत प्रेमियों ने इस आयोजन को यादगार बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

आयुर्वेद पद्धति से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के साथ बच्चों को किया गया निःशुल्क स्वर्णप्राशन

पंचकर्म परामर्श और आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में उमड़े लोग



सीहोर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं आत्रेय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, चाचियावास जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में लगातार तीसरे वर्ष नवीन हनुमान मंदिर, नया बस स्टैंड परिसर में पंचकर्म परामर्श एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान, पंचकर्म चिकित्सा तथा विभिन्न रोगों से बचाव के संबंध में लोगों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर का शुभारंभ समाजसेवी रुद्रप्रकाश राठौर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संभागीय अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष गणेश सिंह चौहान द्वारा किया गया। अतिथियों ने भगवान धन्वंतरि एवं भगवान हनुमान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा परंपरा है, जो व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

आयोजकों ने बताया कि पंचकर्म परामर्श एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन लगातार तीसरे वर्ष किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरूक करने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में आने वाले लोगों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुरूप आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर का नेतृत्व सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एन. शर्मा ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, पंचकर्म चिकित्सा तथा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, योग एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाकर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रख सकता है।

बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार की व्यवस्था की गई

शिविर में बच्चों के लिए विशेष रूप से स्वर्णप्राशन संस्कार की व्यवस्था की गई। बच्चों को स्वर्णप्राशन का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य, खान-पान एवं बेहतर दिनचर्या के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गई। आयोजकों द्वारा शिविर में आने वाले लोगों को आयुर्वेद की उपयोगिता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों ने आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म पद्धति से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा चिकित्सकों से अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर परामर्श लिया। शिविर में लोगों को प्राकृतिक एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के महत्व से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षित सुरेश राठौर, धीरेन्द्र सिंह रजावत, जीतेन्द्र सिंह राठौड़, गोपाल सिंह ठाकुर, रामजी सिंह परिहार, शिवशंकर सिंह, लखन सिंह गौर, शैलेन्द्र सिंह चन्देल, मुकेश दरबार एवं सीता परिहार सहित अन्य गणमान्यजन एवं समाजजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस मौके पर गणेश सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों तक आयुर्वेद चिकित्सा की उपयोगिता पहुंचाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। शिविर के सफल आयोजन पर उपस्थितजनों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

प्रयागराज के गंगा तट पर बनेगा भव्य मंदिर बिराजेगी भगवान सहस्त्रबाहु की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



प्रयागराज (इलाहाबाद) के गंगा तट अरेल घाट पर जितेंद्र जायसवाल की जमीन पर भगवान सहस्त्रबाहु के भव्य मंदिर निर्माण की योजना बनी है। जिसके लिए आज राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु की मनमोहक मूर्ति राष्ट्रीय संयोजक कलचुरी एकता महासंघ अर्चना जायसवाल इंदौर,राकेश राय प्रदेश अध्यक्ष शिवचरण हाड़ा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा जयपुर के कैलाशी शिवचरण हाड़ा द्वारा प्राप्त मूर्ति को रमेश अहलुवालिया हरियाणा, एडवोकेट टी एन जायसवाल, एडवोकेट कमलेन्द्र जायसवाल, समाजसेवी लल्लन जायसवाल धर्मेन्द्र जायसवाल की उपस्थिति में जितेंद्र जायसवाल को सौंपी गईं एवं राकेश राय द्वारा पचास हजार नगद एवं अर्चना जायसवाल ने ग्यारह हजार नगद भेंट दिए तथा उन्होंने समाजसेवी डॉ. एल एन मालवीय, पंकज चौकसे आदि समाज जन से चर्चा करके मंदिर निर्माण हेतु समर्थन लिया है।

शिवचरण हाड़ा ने भी नगद राशि प्रदान करने की घोषणा की साथ ही प्रयागराज कलचुरी समाज एवं देश के स्वनाम धन्य कलचुरी वरिष्ठ जनों से सहयोग लेकर भव्य मंदिर का निर्माण शीघ्र होगा।

सर्व प्रथम अर्चना जायसवाल द्वारा श्री गंगा की आरती पूजन किया तत्पश्चात अपनी सहयोग राशि भेंट करते हुए भविष्य में और सहयोग करने तथा अन्य समाज जनों को प्रेरित करने की बात की एवं भगवान सहस्त्रबाहु जी की मूर्ति भेंट की।

ईमानदारी और समर्पण के पर्याय शिक्षक दिनेश शर्मा हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले दूरस्थ आदिवासी अंचल मगरपाट के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ समर्पित शिक्षक दिनेश शर्मा अपनी दीर्घकालीन और अनुकरणीय सेवाओं के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उनके परिवार जन सहित शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक और साथी शिक्षक उपस्थित रहे। जहां शिक्षक दिनेश शर्मा को लेकर उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किया जिसमें कहा गया कि शिक्षक दिनेश शर्मा की पहचान पूरे क्षेत्र में एक बेहद ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और बच्चों के प्रति समर्पित शिक्षक के रूप में रही। बच्चों के भविष्य को संवारने और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखने के लिए दिनेश शर्मा हमेशा उत्सुक रहते थे। उनकी इस निस्वार्थ सेवा भावना और अनुकरणीय कार्यशैली की सभी ने खूब प्रशंसा की। समारोह के अंत में शिक्षा विभाग के अधिकारियों और उपस्थित जनसमूह ने उन्हें शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सुखद आगामी जीवन की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

पं. प्रदीप मिश्रा के आने की चर्चा, राघवेंद्र मिश्रा कर रहे कथा वाचन

शिव महापुराण कथा में उमड़ी भीड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के नहीं इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर में आयोजित शिव महापुराण कथा में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रावण मास के अवसर पर चल रही इस पांच दिवसीय कथा में रोजाना हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा का वाचन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र राघवेंद्र मिश्रा द्वारा किया जा रहा है, जिससे लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

कथा को लेकर यह चर्चा भी तेजी से फैल रही है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा स्वयं भी एक दिन कथा स्थल पर पहुंच सकते हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक प्रशासन या आयोजकों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसके बावजूद इस संभावना के चलते कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

भीड़ के बीच सुरक्षा बनी चिंता का विषय: कथा पंडाल में जहां एक ओर भक्ति और आस्था का माहौल है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। हाल ही में एक महिला श्रद्धालु की सोने की चेन और मंगलसूत्र गायब होने की घटना सामने आई है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आभूषण गुम हुए हैं या चोरी की घटना हुई है, लेकिन इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, बड़े धार्मिक आयोजनों में भीड़ के चलते इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

आयोजन की व्यवस्था पर उठे सवाल : कथा का आयोजन नगर के अग्रवाल समाज की मातृशक्तियों द्वारा किया जा रहा है। आयोजन भव्य है और श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षा से अधिक है। ऐसे में सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों में चर्चाएं तेज है कि इतने बड़े आयोजन में निजी सुरक्षा व्यवस्था और सेवादारों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। पंडाल में भीड़ को देखते हुए निगरानी व्यवस्था मजबूत होना चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

श्रद्धालुओं को सतर्क रहने की अपील : भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे कथा स्थल पर सोने-चांदी के आभूषण पहनकर न आएं और अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर थोड़ी सी लापरवाही भी नुकसान का कारण बन सकती है।

पुलिस बल तैनात, फिर भी बढ़ा दबाव

कथा स्थल पर सुरक्षा के लिए 8 से 10 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। हालांकि थाना भैरूंदा में पहले से ही पुलिस बल की कमी है। ऐसे में अतिरिक्त ड्यूटी के कारण अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि महिला के आभूषण गायब होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके संबंध में आवेदन लिया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने और कीमती सामान पहनकर न आने की अपील की है।

4 अगस्त को होगा समापन

कथा का आयोजन 31 जुलाई से प्रारंभ होकर 4 अगस्त तक चलेगा। अभी दो दिन शेष हैं, ऐसे में आगामी दिनों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है।

समाज व क्षेत्र का नाम किया रोशन एक बेटी बनी सहायक प्राध्यापक

अर्थशास्त्र विषय से हासिल की सफलता, ग्रामीण बेटियों के लिए बनीं प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तहसील मुख्यालय के समीप ग्राम सीठिया की रहने वाली क्षत्रिय कलोता समाज की प्रतिभाशाली बेटी रितु पंवार, पिता चैन सिंह पंवार, ग्राम सोंठिया का सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) के पद पर चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि समाज और क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है।

रितु पंवार ने अपनी मेहनत, लगन और परिवार के निरंतर सहयोग के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर परिजनों, समाजजनों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयां दी हैं। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि रितु की उपलब्धि युवाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

परिवारजनों के अनुसार रितु शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर हमेशा गंभीरता दिखाई। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने निरंतर प्रयास जारी रखे, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। समाज के लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि रितु आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगी। उनकी इस सफलता से क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट व आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया

राज्य मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रदेश के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर का निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट एवं आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया तथा भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में भी फीडबैक लिया। निरीक्षण के बाद मंत्री डॉ. टेटवाल ने अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। बैठक में सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अंकुर देशवाली ने बताया कि उनकी टीम द्वारा 31 जुलाई को 13 सफल ऑपरेशन किए गए। वहीं डॉ. सरिता यादव ने अस्पताल में संचालित सिजेरियन कक्ष एवं सोनोग्राफी सेवाओं की जानकारी मंत्री को दी। वही मंत्री टेटवाल ने सीबीएमओ डॉ. एन. भीलवारे सहित सभी चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने, समय पर ड्यूटी करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ की समस्याओं की भी जानकारी लेकर आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता निर्मल जैन,विष्णु पाटीदार सहित अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा' अभियान की प्रदेश स्तरीय टीम में सह-संयोजक बने मंत्री टेटवाल

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा आगामी हर घर तिरंगा अभियान (9 से 15 अगस्त) के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री तथा सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल को सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. टेटवाल की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह दायित्व डॉ. टेटवाल के नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है। विश्वास व्यक्त किया गया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में ष्हर घर तिरंगाष अभियान प्रदेशभर में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संचालित होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोडमल नागर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. टेटवाल को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अभियान की सफलता की कामना की।

पौधरोपण व कन्या पूजन कार्यक्रम भी संपन्न हुए

विधायक ने ग्रामों में वितरित की निशुल्क साइकिलें, छात्राओं से पूछे सामान्य ज्ञान के सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन शर्मा ने शनिवार को ग्राम मुंडला बारोल, लश्करपुर एवं कोटरा में आयोजित कार्यक्रमों में छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस दौरान पौधरोपण एवं कन्या पूजन कार्यक्रम भी संपन्न हुए। कार्यक्रम के तहत ग्राम मुंडला बारोल हाईस्कूल में 42, लशकरपुर हायर सेकंडरी स्कूल में 73 तथा कोटरा हाईस्कूल में 48 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। ग्राम मुंडला बारोल के हाईस्कूल परिसर में विधायक मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों से मध्य प्रदेश के जिलों की संख्या तथा 9 का पहाड़ा पूछा। विद्यार्थियों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर उन्होंने शिक्षकों की शिक्षण व्यवस्था की सराहना की।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इस शिक्षा सत्र में नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2,000 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, लेकिन पिछले वर्षों में गांवों में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों का विस्तार हुआ है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को भी शिक्षा के बेहतर अवसर मिल रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों, छात्रवृत्ति एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की।

कार्यक्रम को जिला भाजपा उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र बना, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बना एवं डॉ. दिनेश मंडलोई सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर महामंत्री रूप सिंह, गुड्डु जाटव, रामेश्वर नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, गंगाप्रसाद चैधरी, ज्वाला प्रसाद बुंदेला, जिला सलाहकार समिति सदस्य दिनेश मीणा, कमल सिंह नागर, बसंत नागर, संजय नागर, विजय यादव, अशोक मीणा, सरपंच राजू नागर, रामदयाल राजपूत, जनपद सदस्य रघुनंदन शर्मा, सुनील डोब्बल, नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, एम.एल. पंथी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश गवली, बीआरसी सुरेंद्र सिंह भदौरिया, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिक्षा, व्यापार, विकास हर क्षेत्र में समाज को आगे ले जाना है : कारूलाल सोनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अभा श्री मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार समाज रजिस्टर्ड की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों जयपुर में संपन्न हुई। बैठक अभा अध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद मायछ हैदराबाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के आरंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रजवलन कर महाराज अजमीढ़ की आरती के साथ हुआ। प्रारंभ में अतिथि श्री जगदीशप्रसाद मायछ हैदराबाद, उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी मंदसौर, दुलीचंद जी मौसूण पीपाड़ सीटी जिला जोधपुर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सज्जनलालजी लावट हिसार हरियाणा का शॉल श्रीफल दुपट्ट औढाकर स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन मातादीन कटाथला जयपुर ने दिया जिसके बाद अभा महामंत्री दुलीचंद जी मौसूण ने गुजरात के डोबरा में हुई बैठक का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया।

अध्यक्ष जगदीश चंद्र हैदारबाद ने पुष्कर जी में बन रही समाज की विशाल अजमीढ भवन के बारे में जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मंदसौर के प्रसिद्ध समाजसेवी कारूलाल सोनी ने कहा कि समाज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पुष्कर जी में निमार्णाधीन अजमीढ भवन विशाल आकार ले रही है यह हम सभी के लिए गौरवान्वित पल है। अजमीढ भवन का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण अब चल रहा है। आपने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर आगे बढना है शिक्षा, व्यापार, विकास हर क्षेत्र में समाज को आगे ले जाना है और यह आप सभी के सहयोग के ही संभव है। बैठक में सोनी ने उपस्थित सभी समाजजनों से मप्र के उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ में मप्र पधारने का निवेदन किया है। बैठक में विभिन्न प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जिसमें गुजरात प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जी सगवाल लिमढ़ी गुजरात, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बंजरंगलाल जबड़ा, मप्र अध्यक्ष मुकेश जी सोनी पचोर सहित हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ आदि प्रदेश के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। बैठक में मप्र युवा ईकाई के प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक सोनी मंदसौर भी सम्मिलित हुए। बैठक में जानकारी दी गई कि महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित महाकुंभ में पूरे देश से आने वाले स्वर्णकार समाज के बंधुओं के लिए भोजन, निवास की निशुल्क व्यवस्था रहेगी।

मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म...

सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने जिला चिकित्सालय में भेंट कीं बेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



सेवा ही सबसे बड़ा उपहार है की भावना को चरितार्थ करते हुए सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा समाज सेवी नरेंद्र मारू के जन्मदिन के पावन अवसर पर एक अनुकरणीय पहल की गई। मानव सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए बैठने हेतु बेंच भेंट की गईं। पूर्व महामंत्री शशि मारू के हाथों संपन्न हुए इस कार्य ने समाज में संवेदनशीलता, करुणा और सेवा भाव का एक नया संदेश दिया है।

महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली मेहता ने बताया कि अस्पताल परिसर में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम के दौरान मरीजों के परिजनों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यह बेंच समर्पित की गईं, जिससे लंबे समय तक इलाज के लिए रुकने वाले लोगों को बैठने की सुगमता मिल सके। इस पुनीत कार्य के लिए महिला प्रकोष्ठ मारू परिवार सराहना व अनुमोदना करता है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व महामंत्री शशि मारू की ओर से उपस्थित सदस्यों के लिए तीन विशेष लकी ड्रा भी निकाले गए। इस प्रतियोगिता में श्वेता भाटिया, अंशिता नाहर एवं पूर्व महामंत्री इंदिरा रांका विजेता रहीं, जिन्हें सभी उपस्थितजनों ने बधाई दी। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की पूर्व महामंत्री जमना बाफना एवं इंदिरा रांका, महामंत्री विनाली मेहता, मंत्री पूर्णिमा चौरड़िया, सह मंत्री श्वेता भाटिया, आशा जेतावत, अंशिता नाहर, किरण जैन आदि सदस्यायें उपस्थित रहीं।

वर्षा की अमृत बूंदों को संग्रहित करें...

जलसंकट के साथ ही खारे पानी की समस्या से मुक्ति पाएंः सुरेश सावरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

प्रभु कितना दयालु है, कितना कृपालु है कि वह अमृत रूपी वर्षा जल हमारी छत पर उपलब्ध कराता है। लेकिन हमारी नासमझी देखिए कि हम उसे नालियों में बहा देते हैं । यदि हम वर्षा रूपी अमृत को अपने कुए या नलकूप में वर्षा जल संग्रहण तकनीक के माध्यम से संग्रहीत कर लेते हैं तो हमारी जल संकट से मुक्ति के साथ ही यदि आपके कुएं या नलकूप में खारा या मोरा पानी है तो वह भी पीने योग्य हो जाएगा । तत्संबंध में अनुराग संस्था से निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त करें । बिना किसी अतिरिक्त व्यय के नवीन भवन निर्माता मकान बनाने से पूर्व ही अनुराग संस्था से संपर्क स्थापित कर छतीय वर्षा जल संग्रहण तकनीक स्थापना हेतु निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त करें।

उक्त विचार समाजसेवी सुरेश सावरा ने व्यक्त किए । वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को जल संवर्धन, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे । अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में संस्कृत गुरु दिनेशदास बैरागी, श्रीचंद भावनानी, रमेश सोनी, शंभूसेन राठौर, राजनारायण भटनागर, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, राजेश मेडतवाल, चंद्रशेखर गौड़, सत्यनारायण भूरिया, इंजी. एस के जैन, रामचंद्र रैकवार, बालकृष्ण दवे आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

शासकीय सेवा से निवृत्त होने पर मिला सम्मान कार्य की श्रेष्ठता बताता हैः विधायक सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

किसी भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी की सेवानिवृत्त होने पर उसको जो सम्मान मिलता है। यह उस अधिकारी, कर्मचारी की सेवाकाल में किए गए श्रेष्ठतम कार्य को दर्शाता है। उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक चंदरसिह सिसोदिया ने भानपुरा में प्राचार्य व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए कमलेश सिंह चंदेल के सेवानिवृत्त व सम्मान समारोह में व्यक्त किए। सिसोदिया ने कहा कि 38 साल 6 माह बिना किसी विवाद न कोई आरोप, प्रत्यारोप के चलते एक ही नगर एक ही तहसील भानपुरा में अपनी शासकीय सेवा देना यह चंदेल के कार्य कि सफलता बताता है।

स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित

आपने चंदेल को एक क्रत्यव निष्ठ अधिकारी बताया और उनके स्वस्थ रहने व दीर्घायु होने कि कामना की कमलेश सिंह चंदेल 38 वर्ष 6 माह का अपना शासकीय सेवा का कार्यकाल पूरा कर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए वह पूरे अपने सेवाकाल में भानपुरा नगर व तहसील में ही पदस्थ रहे वह हायर सेकंडरी स्कूल भानपुरा,माडल स्कूल भानपुरा,के प्राचार्य व अलग अलग तीन बार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे ओर इसी के साथ लगभग 35 वर्षों तक एन सी सी अधिकारी भी रहे 2 अगस्त कमलेश सिंह चंदेल मित्र मण्डल द्वारा एक स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया इसमें संकुल व विकास खण्ड के सेकंडों शिक्षक गण,जन प्रतिनिधि,पत्रकार गण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थ।

चंदेल का दो दर्जन से भी अधिक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने स्वागत सम्मान किया इस गरिमामय सेवानिवृत्त समारोह को पुर्व विधायक देवीलाल धाकड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता निमीष तिवारी,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल नाहर, प्राचार्य शेखर वधवा, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश चोधरी,किशोर माली,सहित अनेक गणमान्य नागरिक गणों ने संबोधित किया व चंदेल के कार्यकाल कि सराहना कि चंदेल का शिक्षक गणों ने अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर अर्पण भारद्वाज, प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा सुरेश पाण्डेय कोटा,प्रेस क्लब अध्यक्ष लालचंद रुद्रवाल,सनातन धर्म मण्डल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह चौहान, श्रमजीवी पत्रकार संघ



अध्यक्ष करण भुटानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दर्शन वधवा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया, महामंत्री अनिल राठोर,जैन श्वेताम्बर समाज अध्यक्ष अशोक गोखरू,पुर्व कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष राधेश्याम सागित्रा,पुर्व जिला पंचायत सदस्य बद्रीलाल पाटीदार, वरिष्ठ प्राचार्य वी के श्रीवास्तव,डॉ पी के भट्ट,पूर्व जिला खेल अधिकारी के एल, मेहरा, सरपंच मनीष परिहार,पुर्व जनपद अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पुरोहित,पुर्व प्राचार्य अनिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक दिलीप राठोर,एस गुप्ता,पुर्व सनातन धर्म मण्डल अध्यक्ष भुपेंद्र सोनी, शिवाजी बम्बोरिया, अशोक भालिया,अब्दुल लतीफ खान, वरिष्ठ समाजसेवी आलम भाई अगवान, अनिल बघेरवाल,प्रेम पहाड़ियां,सहित सैंकडों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ओर सभी ने चंदेल का शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर व माला पहनाकर सम्मान किया, चंदेल का प्रेस क्लब भानपुरा, सनातन धर्ममण्डल,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप,शिक्षक संघ, पेंशनर संघ, राजपत्रित अधिकारी संघ, संविदा शिक्षक संघ, भाजपा मण्डल,कमलेश सिंह चंदेल मित्र मण्डल,सहित अनेक संस्थाओं ने स्वागत सम्मान किया। चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि 38 सालों में जो प्यार,स्नेह, विश्वास मिला वह मेरे जीवन कि अमुल्य निधि है। आज जो भी हुं। इस भानपुरा नगर ओर मेरे शिक्षक साथियों ओर मित्र गणों कि देन जो अपनत्व व प्यार मिला उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है जीवन भर ऋणि रहूंगा। जीवन की अंतिम श्वास तक भानपुरा स्मरण में रहेगा।

सड़कों पर गोवंश, हादसों का खतरा



सारंगपुर। क्षेत्र में आवारा गौवंश की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। बारिश का मौसम शुरू होते ही कई ग्रामीण अपने गोवंश को खुला छोड़ देते हैं। सुरक्षित और सूखी जगह की तलाश में ये मवेशी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों सहित मुख्य सड़कों पर पहुंच जाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कई बार गोवंश वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाता है, वहीं वाहन चालकों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है। शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम घूमता दिखाई दिया। सड़क के बीचों-बीच विचरण करते मवेशियों के कारण वाहन चालकों को रफ्तार धीमी करनी पड़ी और दुर्घटना की आशंका बनी रही। इसी दौरान हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर गोभक्त मौके पर पहुंचे और तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल गोवंश का उपचार कराया। हालांकि खबर लिखे जाने तक गोवंश की हालत गंभीर बनी हुई थी।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान यह समस्या और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि खुले में छोड़े गए मवेशी ऊंचे और सूखे स्थानों की तलाश में सड़कों का रुख कर लेते हैं। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देश जारी किए थे कि सड़कों पर कहीं भी गौवंश दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि सड़क पर आवारा गौवंश पाया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर परिषद की होगी।

यात्री वाहनों में मिली कमियों पर कार्रवाई

सड़कों पर उतरी आरटीओ टीम, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



हाईवे सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर यात्री वाहनों में कई तरह की कमियों की शिकायतों के बाद आरटीओ विभाग ने कार्यवाहियां शुरू की हैं। इसी कडी में जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन में बनाई गई टीमों ने राजगढ़-ब्यावरा मार्ग एवं राजगढ़-खुजनेर मार्ग पर यात्री वाहनों को चेक किया। इस दौरान कुछ बसों में फस्ट एड बॉक्स नहीं मिला तो कुछ बसों में खिड़कियों के कांच टूटे पाए गए। इसके साथ ही अन्य कमियां भी मिलीं। क्षेत्रीय परिवहन निरीक्षक प्राची शर्मा ने बताया कि चेकिंग के दौरान कई बसों में विभिन्न तरह की कमियां मिलने पर उन पर चालानी कार्रवाई करते हुए 30 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है। जुर्माने के साथ ही वाहन चालकों यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए परिवहन विभाग के नियमों के अनुरूप वाहनों का संचालन करने की समझाइश दी गई। आगे से कमियां पाए जाने पर बसों पर अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएंगी।

कालीपीठ मार्ग पर भी कार्रवाई की दरकारः विभाग ने भले ही कार्रवाई की हैं लेकिन वे अभी भी नाकाफी हैं। जिले के अनेक आंतरिक मार्गों पर नियमों का उल्लंघन करते वाहनों का संचालन किया जा रहा है। अगर बात मुख्यालय से कालीपीठ मार्ग की करें तो यहां यात्री बसों की संख्या बेहद कम है। ऐसे में तंवरवाड़ क्षेत्र के करीब 50 से अधिक ग्रामों के ग्रामीण ऑटो में ठूंस-ठूंसकर भराकर सफर करते हैं। यहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है।

शिकायत के बाद भाजपा नेताओं ने रुकवाया कार्य, मानकों से निर्माण की मांग

सड़क किनारे बना रहे नई नाली पर विवाद, ग्रामीणों का घटिया निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत मऊ, पड़ाना, तलेन सड़क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कोडेक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि नाली निर्माण की गुणवत्ता और निर्माण पद्धति को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है तथा इसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर पुरानी नाली को छोड़कर सड़क के समीप आड़ी-तिरछी नई नाली बनाई जा रही है, जिससे सड़क की चैड़ाई कम हो गई है और आवागमन में परेशानी बढ़ रही है। उनका कहना है कि लगभग 25 वर्ष पुरानी नाली को व्यवस्थित करने के बजाय उसके आगे नई नाली बना दी गई, जिससे दुकानों के सामने फिर अतिक्रमण बढ़ने लगा है।

शिकायत मिलने पर भाजपा जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार सहित भाजपाइयों ने शनिवार को ग्रामीणों के साथ आसारेटादृतलेन चैराहे पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आसारेटादृतलेन चैराहे से सदर बाजार, गांधी चैक और बस स्टैंड तक कई स्थानों पर मानकों के विपरीत नाली निर्माण किया गया है। उनका कहना है कि बारिश के दौरान नालियों का पानी सड़क पर बहता है। वहीं इब्राहिम खां मंसूरी के मकान के सामने बिजली के पोल को बचाने के लिए नाली को आड़ी-तिरछी बना दिया गया।इस दौरान भाजपा नेताओं ने घटिया निर्माण कार्य को रुकवा दिया। वहीं स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने निर्माण कार्य रुकवाने की मांग नहीं की है। मांग है कि दोनों ओर पुरानी नाली की जगह पर ही बिना किसी भेदभाव के मानकों के अनुरूप नाली का निर्माण कराया जाए।

इनका कहना है...

ग्रामीणों की शिकायत पर नाली निर्माण कार्य अभी रुकवाया गया है ग्रामीण एवं राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर पुनः मानकों के अनुरूप कार्य शुरू करवाया जाएगा।

अक्षय महाजन
एसडीओ पीडब्ल्यूडी सारंगपुर

खबर संक्षेप

5 जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों के बनेंगे नए भवन

आष्टा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के बड़े परिणाम विकास कार्यों की स्वीकृति के रूप में लगातार प्राप्त हो रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में मप्र शासन के राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की मांग एवं भेजे गये प्रस्ताव पर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रोलागांव एवं जस्सूपुरा के शास. प्राथमिक शाला भवन व ग्राम बोरखेड़ा, बरछापुरा, झिकडी मेवाती ग्राम के शा. माध्यमिक शाला भवन जो पूरी तरह से जीर्ण शीर्ण हो चुके थे अब इन पांचों विद्यालयों के भवनों को तोड़ कर उनके स्थान पर पांचों विद्यालयों के नए विद्यालय भवन का निर्माण होगा। नए विद्यालय भवनों के निर्माण हेतु शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य शिक्षा केन्द्र मप्र ने 2 करोड़ 39 लाख 52 हजार की राशि स्वीकृत की है। विधायक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया की समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में, उक्त पांचों जीर्ण शीर्ण हो चुके विद्यालय भवन के स्थान पर नये विद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति आष्टा को मिली है। जब यह जानकारी उक्त पांचों ग्रामो के ग्रामीणजनों, पालकों, विद्यार्थियों को विधायक कार्यालय से दी गई तब सभी ने खुशी व्यक्त कर मप्र सरकार का विधायक ने आभार व्यक्त किया।

नगर पालिका ने आवारा गोवंश के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

55 पशु पकड़े, 21 को भेजा गोशाला पशु पालकों को नपा ने दी चेतावनी

पशुपालक बार-बार अपने मवेशियों को सड़कों पर छोड़ता पाया गया, तो नपा उनके खिलाफ वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में दिन-प्रतिदिन बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या और यातायात में आ रही बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका ने नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के निर्देश पर एक विशेष मुहिम की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत नगर के मुख्य मार्गों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर खुले में विचरण कर रहे लगभग 55 आवारा पशुओं को पकड़ा गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर को सुगम यातायात और दुर्घटना-मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। इसके तहत लगभग 55 आवारा पशुओं को पकड़ा गया है, जिसमे से 34 पशुओं को पशु पालकों के आने पर उन्हें सख्त हिदायत देते हुए सौंपे गए, शेष 21 आवारा पशुओं को दास्ताखेड़ी स्थित संत गोविंद जाने गौशाला में ट्रक के माध्यम से सुरक्षित पहुंचाए गए। नगर पालिका की इस त्वरित कार्रवाई से आम जनता और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। सीएमओ प्रजापति ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा नगरवासियों एवं पशु पालको से अपील करते हुए कहा कि हमारे नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्य मार्गों पर विचरण करने वाले आवारा गोवंश के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि आए दिन हादसों का अंदेशा भी बना रहता है। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर पालिका टीम ने यह विशेष अभियान चलाया है। हम गोमाता के प्रति पूरी श्रद्धा रखते हैं। इसीलिए जिन पशुओं के कोई मालिक नहीं थे, उन्हें पूरी सुरक्षा और सम्मान के साथ दास्ताखेड़ी स्थित संत गोविंद जाने गौशाला भिजवाया गया है, ताकि वहां उन्हें उचित चारा और देखभाल मिल सके। मेरी सभी पशुपालक भाइयों से विनम्र अपील है कि अपने पालतु गोवंश को सड़कों पर लावारिस न छोड़ें। उन्हें अपने घरों या बाड़ों में बांधकर रखें। यदि कोई पशुपालक बार-बार अपने मवेशियों को सड़कों पर छोड़ता पाया गया, तो नगर पालिका प्रशासन उनके खिलाफ वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। नगर को सुंदर, स्वच्छ और दुर्घटनामुक्त बनाने में आप सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान मे दरोगा राजेश घैंघट, जमादार पप्पू खरे, अमरदीप सांगते, मनोज घैंघट, रितेश सांगते, दीपक सांगते, जीवन करोसिया आदि का सराहनीय योगदान रहा।

केंद्रीय मंत्री चौहान का युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

ठाकुर को केंद्रीय कृषि मंत्री ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल से देवास जाते समय केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान का इंदौर भोपाल राजमार्ग स्थित चौपाटी चौराहे पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र ठाकुर धाम बापचा ने मंच बनाकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने महेंद्र ठाकुर को युमो जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। कृषि मंत्री चौहान का स्वागत करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, भाजपा के जिला नेता उमेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी, पार्षद रवि शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, युमो जिला महामंत्री हर्षित मेवाड़ा, युमो नगर अध्यक्ष मनीष धारवां, युमो नगर महामंत्री पवन वर्मा, योगेंद्रसिंह पटेल, विष्णु परमार, सौरभ जैन शीतल, धर्मेंद्रसिंह कान्याखेड़ी, सतीश सोनानिया, सुमित मेहता, मनीष प्रजापति, तरूण नागौरी, बलवीर ठाकुर, चरण ठाकुर, अनमोल गेहलोत, अभिषेक तोमर, जगदीश चौहान, अनिवेश सोनी, कृष्णा शर्मा आदि शामिल रहे।

स्कूलों में सज रही स्वच्छता पाठशाला, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में अव्वल स्थान दिलाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विद्यालयों में स्वच्छता पाठशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा स्वयं मैदान में उतरकर चौक-चौराहों और नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और मौके पर ही सफाई कार्य संपन्न करा रहे हैं।

इसी कड़ी में स्थानीय पुष्प विद्यालय में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत स्वच्छता पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा थे एवं अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मेलविन सीजे ने की। स्वच्छता पाठशाला में उपस्थित सैकड़ों विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब पहली बार देश की बागडोर संभाली थी, तब उन्होंने 2 अक्टूबर को लाल किले की प्राचीर से संपूर्ण देश में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। यह उसी दूरदर्शी सोच और जन-भागीदारी का परिणाम है कि आज हमारा इंदौर शहर पूरे देश में स्वच्छता के मामले में लगातार नंबर वन बना हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आष्टा नगर को भी स्वच्छता में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए हर नागरिक को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने सभी से स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या और आदतों में शामिल करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और नगर पालिका अमले को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे न स्वयं गंदगी करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। वे अपने घर, स्कूल और आसपास के परिसर को साफ-सुथरा रखकर आष्टा को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिलाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम को सोलेस्टियल वेस्ट मैनेजमेंट की प्रमुख शीना हुसैन द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि नगर में कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन चक्कर लगाकर नगर से कचरा एकत्रित करते है। आप सभी अपने परिवार, दोस्तों को घर व प्रतिष्ठान से निकलने वाला सूखा व गीला कचरा वाहन में बने अलग-अलग डस्टबिनों में डालने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पूरणसिंह मेवाड़ा, राजेन्द्र पंवार, अनुराग सारविया, राजकुमार अकेला, विनयसिंह, रोहित तिवारी, अनीश सोलंकी आदि मौजूद थे।

मॉडर्न पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं के प्रतिनिधि के लिए चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मॉडर्न पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा में छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि के लिए चुनाव सम्पन्न कराए गए। विधिवत चुनाव की तरह ही छात्र/छात्राओं को मतपत्र प्रदान किये गये एवं सभी छात्र/छात्राओं द्वारा गोपनीय मतदान किया गया। उम्मीदवार छात्र/छात्राओं ने अपना अपना प्रचार स्वयं किया तथा बच्चो को अपने पद से संबंधित षिकायतो के निराकरण के लिये भरोसा दिलाया। चुनाव उपरांत मतगणना का कार्य की सूचना छात्र/छात्राओं को दे दी गई।

प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, चुनाव अधिकारी निर्मला सारसिया, अंजली चौरसिया, करिष्मा चौपड़ा, व प्रत्याषी प्रतिनिधि प्रीत परमार अंजलि गोस्वामी के सहयोग से चुनाव कार्य को सम्पन्न करवाया गया। निर्वाचन के लिये अपने पद हेतु उमीदवारों में हेड बॉय- प्रीत परमा अक्षत सेन हेंमत परमार आदित्य ठाकुर हेड गर्ल-सृष्टि परमार अंजलि गोस्वामी स्पोर्टस मिनिस्टर (बोय)- आदित्य शर्मा कान्हा कुशवाहा नितिन परमार (गर्ल)- नीता कंचन वर्मा प्राथना ठाकुर आयुषी परमार डिसिप्लीन मिनिस्टर (गर्ल)- आरुषि परम्मर किंजल परमार हर्षिता मितवाल कल्चर मिनिस्टिर (गर्ल)- अनुष्का विश्वकर्मा सोनम चौहान वैष्णवी परमार असेम्बली मिनिस्टर(गर्ल)- निधि इल्मा कुरैशी अनामिका यादव साधना ठाकुर शामिल थें।बी एल मालवीय, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, रितेश जेलवाल, संदीप ठाकुर, नीता सक्सेना, ईशा जैन, इतिका चौहान, तेजू मेवाड़ा, अपेक्षा पोरवाल, पायल ठाकुर, कनक सेन, अंजलि गोस्वामी, हंसा ठाकुर, पूजा परमार, रीना सरसिया, सोनम गुप्ता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

राहुल चतरमुथा बने जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन के मध्य प्रदेश अवंतिका रीजन सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन ने राहुल चतरमुथा को मध्य प्रदेश अवंतिका रीजन सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मेहता, राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन (मामा) तथा रीजन चेयरमैन अभय जैन (भैया) सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन एवं विश्वास के साथ की गई है।

नवनियुक्त रीजन सचिव राहुल चतरमुथा ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा व्यक्त किए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा संगठन की एकता, सेवा, संस्कार और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित कर युवाओं की सहभागिता बढ़ाने और सेवा गतिविधियों को नई दिशा देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। राहुल चतरमुथा की नियुक्ति पर समाज में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा, जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप अध्यक्ष आनंद साधना रांका, किला मंदिर अध्यक्ष रविंद्र रांका, गंज मंदिर अध्यक्ष नगिन जैन, दादावाड़ी अध्यक्ष राकेश सुराणा, स्थानकवासी श्रावक संघ अध्यक्ष लोकेंद्र बनवट सहित पंकज गोखरू, विनीत मीना सिंगी, आलोक वोहरा, नितिन सुराणा, संजय रांका, पवन रांका, त्रिलोक श्रीश्रीमाल, पवन श्रीश्रीमाल, राकेश सोनी, राजकुमार श्रीश्रीमाल, रिलेश बोथरा, अभय देशलहरा, कुलदीप कोचर, बसंत चतरमुथा एवं हेमंत सुराणा सहित अनेक समाजजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि राहुल चतरमुथा के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी तथा सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य होंगे।

वीआईटी यूनिवर्सिटी के छात्रों को इंटेलीट्रेस हैकाथॉन 2026 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने वीआईटी चेन्नई द्वारा इंडियन बैंक के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय इंटेलीट्रेस हैकाथॉन 2026 में दूसरा स्थान प्राप्त कर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया है। देश के अभियांत्रिकी शैक्षणिक संस्थानों के लिए आयोजित इस राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में देशभर के इंजीनियरिंग संस्थानों के छात्र छात्राएं भाग लेते हैं।

राष्ट्रीय स्तर के इस हैकाथॉन में देश भर के छात्रों ने इस बार बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में वास्तविक चुनौतियों के लिए नवीन प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान विकसित करने के विषय के अंतर्गत भाग लिया।मध्य भारत के सबसे बड़े कैंपस वाली वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के दल ने इसमें भाग लिया। अपने अद्वितीय कौशल की दम पर वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के दल को इस इंटेलीट्रेस हैकाथॉन 2026 में अभिनव एआई समाधान के लिए निर्णायकों से मान्यता प्राप्त हुई।इस प्रकार इस दल ने एक नया इतिहास रचते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्र ऋषभ राज, लोकेश केवट, पेरेपु सौम्या और छात्रा तेजस्वनी यादव ने इंटेलीट्रेस हैकाथॉन 2026 में मल्टी-टियर सप्लाई चेन फ्रॉड डिटेक्शन पर केंद्रित चुनौती में भाग लिया। टीम ने मशीन लर्निंग, ग्राफ एनालिटिक्स और विसंगति पहचान तकनीकों का उपयोग करके जटिल सप्लाई चेन नेटवर्क में धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की पहचान करने के लिए अपना नवाचार एआई-संचालित समाधान डिजाइन और विकसित किया। वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की टीम को इस सम्मान के तहत एक लाख की राशि का पुरस्कार और उपलब्धि प्रमाण पत्र प्राप्त हुए।

जिन शासन की रक्षा के लिए करोड़ों महापुरुषों ने अपने प्राणों का दिया बलिदान

जिन शासन सदा जयवंत हो: अमृतरसा श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी महाराज साहब ने रविवार को अहो जिन शासन तेरे लिए विषय पर समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रबल पुण्योदय के योग से हमें जिन शासन मिला है। निगोद से निकलने के बाद हमारा 48 बार मनुष्य योनि में जन्म होता है। उसमें से सिर्फ पांच बार ही हमें जिन शासन मिलता है इसे जिन शासन के प्रति हमें पूर्ण रूप से समर्पित रहना चाहिए। हम शासन की रक्षा करेंगे तो शान हमारी रक्षा करता है। ऐसे जिन शासन की रक्षा के लिए करोड़ महापुरुषों ने अपने जिन शासन को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

जिन शासन पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। हमें नित्य शासन की अभिवृद्धि एवं शासन प्रभावना के कार्य करना चाहिए। जिन शासन हमें प्राणी मात्र सभी जीवो के प्रति दया करुणा प्रेम स्नेह वात्सल्य भाव रखना सीखता है ढाई घंटे तक चली प्रवचन श्रृंखला जिन शासन तेरे लिए मैं सभी श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर पूर्ण श्रद्धा समर्पण के साथ श्रवण किया जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने बताया कि आज की सा धार्मिक भक्ति प्रभावना संपूर्ण दिवस का लाभ आशीष कुमार भेरूलाल चोरड़िया परिवार द्वारा लिया गया , शासन ध्वज को अक्षत से बधाने का लाभ सुरेश चंद आशीष कुमार बोहरा परिवार खरवा कलां ने लिया, कुमकुम से छपे लगाने का लाभ रमेशचंद्र अमित कुमार, अंकेश कुमार कोचर मावा वाला परिवार द्वारा लिया गया। मंगलमय कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में समाज जन, उपस्थित थे। साथ ही खरवा, डेलची आदि श्री संघ ने पधारकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

18 वर्षों की सेवाओं के बाद शिक्षक को विदाई दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय माध्यमिक शाला जीवापुर महोडिया में पदस्थ शिक्षक ज्ञान सिंह ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर स्कूल परिसर में सम्मान व विदाई समारोह हुआ।

विद्यार्थियो, सहकर्मियों, ग्रामीणों ने 18 साल के शिक्षकीय योगदान को याद किया व भावभीनी विदाई दी। समारोह में स्कूल परिवार जनशिक्षकों ने ज्ञान सिंह ठाकुर को साफा बांधा शाल श्रीफल अभिनंदन पत्र भेंट किया। विद्यार्थियों ने भगवान की तस्वीर दी स्वास्थ्य सुखद् भविष्य की कामना की कार्यक्रम में जनशिक्षक गजराज सिंह बागवान, राजेंद्र सिंह, गोपाल सिंह ठाकुर मोजुद रहे। विद्यालय प्रभारी शोभाल सिंह, फूल सिंह ठाकुर बमुलिया, मनिष सोलंकी, रजत ठाकुर, रणजीत सिंह मालवीय एवं स्कूल स्टाफ बड़ी संख्या में ग्रामीण जण उपस्थित रहे।